भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 399

04 फरवरी, 2022 के लिए प्रश्न

देश की 'साइलो' क्षमता

399. श्री सैयद नासिर हुसैनः

श्रीमती फूलो देवी नेतमः

श्री शक्तिसिंह गोहिलः

डा. एल. हनुमंतय्याः

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आज की स्थिति के अनुसार देश भर में भंडारों में राज्य-वार कुल कितनी मात्रा में खाद्यान्न उपलब्ध हैं;

(ख) कितने साइलो स्थल विकसित किए जा रहे हैं, इनमें से प्रत्येक स्थल की वर्तमान स्थिति क्या है, संबंधित अनुमानित भंडारण क्षमता कितनी है और इन का काम कब तक पूरा किए जाने का अनुमान है; और

(ग) वर्ष 2019-29 तक सरकारी-निजी भागीदारी (पीपीपी) के अंतर्गत देश की साइलो क्षमता को दोगुना, अर्थात 15 लाख टन करने के लक्ष्य के लिए आज की तारीख तक कितनी प्रगति हुई है?

उत्तर

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री

(श्री अश्विनी कुमार चौबे)

(क): दिनांक 16.01.2022 की स्थिति के अनुसार, देशभर में उपलब्ध खाद्यान्नों की कुल भंडारित मात्रा का राज्य-वार ब्यौरा **अनुबंध-1** में दिया गया है।

(ख) और (ग): भंडारण सुविधाओं को अपग्रेड और आधुनिकीकृत करने के लिए, भारत सरकार ने देश में सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) पद्धति पर स्टील साइलों के निर्माण के लिए एक कार्य-योजना तैयार की है। वर्ष 2007 में, सर्किट आधारित मॉडल के तहत 5.5 लाख टन क्षमता का निर्माण किया गया है। इसके अतिरिक्त, दिनांक 31.01.2022 की स्थिति के अनुसार, देशभर में विभिन्न स्थानों पर 29.25 लाख टन क्षमता के साइलो उपलब्ध कराए गए हैं। जिनमें से 11.125 लाख टन क्षमता का निर्माण पूरा कर लिया गया है और शेष 18.125 लाख टन क्षमता का निर्माण कार्य विभिन्न चरणों में है। इसके अलावा, हब और स्पोक मॉडल के तहत पीपीपी मोड में 111.125 लाख टन क्षमता के साइलो का चरणबद्ध तौर पर निर्माण प्रस्तावित है। देशभर में निर्माणाधीन साइलो की स्थल-वार सूची **अनुबंध-2** में दी गई है।

*****

अनुबंध-1

राज्य सभा में दिनांक 04.02.2022 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 399 के उत्तर के भाग (क) में उल्लिखित विवरण

दिनांक 16.01.2022 की स्थिति के अनुसार देशभर में भंडारण के रूप में उपलब्ध खाद्यान्नों की कुल मात्रा का राज्यवार ब्योरा

(आंकड़े लाख टन में)

राज्य	चावल	गेहूं	धान	मोटा अनाज
बिहार	6.91	2.98	11.27	0
झारखंड	1.67	0.61	1.01	0
ओड़िशा	4.65	1.57	21.54	0
पश्चिम बंगाल	3.47	2.8	3.31	0
असम	3.36	0.59	0.01	0
अरुणाचल प्रदेश	0.3	0	0	0
त्रिपुरा	0.33	0.03	0	0
मिजोरम	0.14	0	0	0
मेघालय	0.1	0	0	0
मणिपुर	0.42	0	0	0
नागालैंड	0.44	0	0	0
दिल्ली	0.25	1.88	0	0
हरियाणा	22.15	42.05	33.26	0
हिमाचल प्रदेश	0.21	0.46	0	0
जम्मू और कश्मीर	1.26	0.37	0.24	0
पंजाब	78.15	78.01	150.33	0
राजस्थान	0.35	13.34	0.04	0
उत्तर प्रदेश	21.33	11.68	26.02	0
उत्तराखंड	1.11	0.44	10.45	0
आंध्र प्रदेश	14.88	0.05	8.31	0
कर्नाटक	4.57	0.88	0	0
केरल	4.48	0.57	1.15	0
तमिलनाडु	17.34	1.45	10.17	0
तेलंगाना	27.96	0.03	101.11	0
गुजरात	1.66	3.58	1.22	0.08
महाराष्ट्र	4.38	7.86	8.66	1.61
मध्य प्रदेश	4.43	139.77	53.12	0.27
छत्तीसगढ	10.81	0.21	57.27	0
ट्रांसिट में स्टॉक	4.12	2.91	-	-
कुल	**241.23**	**314.12**	**498.49**	**1.96**

एफसीआई और राज्य की एजेंसियों के पास अनमिल्ड धान की कुल मात्रा= 498.49 लाख टन। आउट-टर्न अनुपात के 67% को लेकर प्राप्त किया जा सकने वाला सीएमआर-333.99 लाख टन है।

*****

अनुबंध-2

राज्य सभा में दिनांक 04.02.2022 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 399 के उत्तर के भाग (ख) से (ग) में उल्लिखित विवरण

देशभर में निर्माणाधीन साइलो की सूची

क्रं.सं.	स्थान	राज्य	क्षमता (टन में)	स्थिति	निर्माण कार्य पूरा होने की तिथि/निर्माण कार्य पूरा होने की संभावित तिथि
1.	दरभंगा	बिहार	50000	निर्माणाधीन	27.05.2023
2.	खगड़िया	बिहार	50000	निर्माणाधीन	26.03.2023
3.	कैमूर	बिहार	50000	निर्माणाधीन	31.03.2022
4.	बक्सर	बिहार	50000	निर्माणाधीन	31.03.2022
5.	पालनपुर और सिद्धपुर	गुजरात	50000	निर्माणाधीन	30.06.2023
6.	अमरेली	गुजरात	50000	निर्माणाधीन	06.12.2022
7.	बड़ौदा	गुजरात	50000	निर्माणाधीन	31.12.2022
8.	पानीपत	हरियाणा	50000	निर्माणाधीन	25.03.2022
9.	रोहतक	हरियाणा	50000	निर्माणाधीन	31.05.2023
10.	बटाला	पंजाब	50000	निर्माणाधीन	30.06.2022
11.	छेहरेता	पंजाब	50000	निर्माणाधीन	31.07.2022
12.	जलालाबाद	पंजाब	50000	निर्माणाधीन	30.09.2022
13.	साहनेवाल	पंजाब	50000	निर्माणाधीन	30.04.2022
14.	कन्नौज	उत्तर प्रदेश	50000	निर्माणाधीन	25.03.2022
15.	बस्ती	उत्तर प्रदेश	50000	निर्माणाधीन	31.05.2022
16.	देवरिया	उत्तर प्रदेश	50000	निर्माणाधीन	31.12.2022
17.	फैजाबाद	उत्तर प्रदेश	50000	निर्माणाधीन	30.11.2022
18.	फतेहपुर	उत्तर प्रदेश	50000	निर्माणाधीन	31.03.2023
19.	गोरखपुर	उत्तर प्रदेश	50000	निर्माणाधीन	30.06.2023
20.	लखनऊ	उत्तर प्रदेश	50000	निर्माणाधीन	30.06.2023
21.	धमोरा	उत्तर प्रदेश	50000	निर्माणाधीन	31.03.2022
22.	मालदा	पश्चिम बंगाल	50000	निर्माणाधीन	31.03.2023
23.	भागलपुर	बिहार	50000	निर्माणाधीन	31.12.2023

...2/-

24.	समस्तीपुर	बिहार	50000	निर्माणाधीन	01.12.2023
25.	मधुबनी और बेनीपट्टी उप-डिवीजन	बिहार	50000	कार्यान्वित किया जा रहा है।	01.12.2023
26.	मधेपुरा	बिहार	50000	कार्यान्वित किया जा रहा है।	31.03.2024
27.	मोतिहारी	बिहार	50000	कार्यान्वित किया जा रहा है।	31.03.2024
28.	सारण	बिहार	50000	कार्यान्वित किया जा रहा है।	31.03.2024
29.	नरेला	दिल्ली	50000	कार्यान्वित किया जा रहा है।	31.03.2023
30.	हमीरपुर	उत्तर प्रदेश	50000	कार्यान्वित किया जा रहा है।	--
31.	ललितपुर	उत्तर प्रदेश	50000	कार्यान्वित किया जा रहा है।	--
32.	पीलीभीत	उत्तर प्रदेश	50000	कार्यान्वित किया जा रहा है।	--
33.	मुर्शीदाबाद	पश्चिम बंगाल	50000	कार्यान्वित किया जा रहा है।	31.01.2024
34.	बेलूरघाट	पश्चिम बंगाल	50000	कार्यान्वित किया जा रहा है।	31.01.2024
35.	दुर्गापुर	पश्चिम बंगाल	50000	कार्यान्वित किया जा रहा है।	31.01.2024
36.	दानकुनी	पश्चिम बंगाल	50000	कार्यान्वित किया जा रहा है।	31.01.2024

टिप्पणी: भट्टू स्थल का निर्माण कार्य 0.50 लाख टन क्षमता में से 0.375 लाख टन की क्षमता तक के लिए आंशिक रूप से पूरा कर लिया गया है। इसलिए 12500 टन क्षमता का निर्माण कार्य जारी है।

*****